हिन्दुस्तान

70 करोड़ के नकली सिक्के खपाने वाला गिरोह का शातिर गिरफ्तार, 5 साल तक रह चुका है

प्रमुख प्रतिनिधि



उत्तर प्रदेश की सहारनपुर पुलिस ने मधुबनी की राजनगर थाना पुलिस के सहयोग से गुरुवार देर शाम जिले में छापेमारी कर नकली सिक्के बनाने और सप्लाई करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के शातिर मिथिलेश चौरसिया को गिरफ्तार कर लिया। लड्डुगांव निवासी मिथिलेश पर बाजार में करीब 70 करोड़ रुपये के नकली सिक्के खपाने वाले गिरोह से जुड़े होने का आरोप है। इस संबंध में सहारनपुर नगर थाने में केस दर्ज है। उधर, शुक्रवार को सहारनपुर पुलिस आरोपी को अपने साथ ले गई।

Source: https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/youth-arrested-in-madhubani-bihar-for-circulating-fake-coins-worth-rs-70-crore-201792780061654.html